भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4975

(सोमवार, 23 मार्च, 2026/2 चैत्र, 1948 (शक) को उत्तर के लिए)

सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियों में महिला निदेशक

4975. डॉ. शर्मिला सरकारः

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2014 से सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियों के बोर्डों में निदेशकों की कुल संख्या, लिंग-वार और वर्ष-वार कितनी है;
(ख) क्या सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) सहित सभी सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों ने अपने बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक की नियुक्ति की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और ऐसी कंपनियों का ब्यौरा क्या है जिनके बोर्ड में महिला निदेशक नहीं हैं;
और
(घ) वर्ष 2014 से अब तक ऐसी कंपनियों से जुर्माने के रूप में वसूल की गई राशि (रुपये में) वर्ष-वार कितनी है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क): सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के बोर्डों में निदेशकों की संख्या का लिंग-वार और वर्ष-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) और (ग): कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 की उप-धारा (1) के दूसरे परंतुक के अनुसार कंपनियों के निर्धारित वर्ग में कम से कम एक महिला निदेशक होगी। कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) नियम, 2014 के नियम 3 के अनुसार, प्रत्येक सूचीबद्ध कंपनी और प्रत्येक दूसरी सार्वजनिक कंपनी जिसके पास 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक की चुकता

शेयर पूंजी है या जिसका कारोबार 300 करोड़ रुपये या उससे अधिक है, को अपने बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक नियुक्त करना अपेक्षित है।

सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) सहित 708 सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों में से, जिन्हें अपने बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक नियुक्त करना अपेक्षित है, 529 कंपनियों ने कम से कम एक महिला निदेशक की नियुक्ति की है और 179 कंपनियों ने कम से कम एक महिला निदेशक की नियुक्ति नहीं की है। महिला निदेशक की नियुक्ति की न्यूनतम सीमा का अनुपालन न किए जाने के कंपनी विशिष्ट और अन्य प्रशासनिक कारण हैं।

(घ): सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों से वसूली गयी शास्ति के संबंध में अलग से आंकडे केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखे जाते हैं।

*****

अनुलग्नक

दिनांक 23 मार्च, 2026 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4975 के उत्तरार्थ:

क्रम संख्या	**वित्तीय वर्ष**	**सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के बोर्डों में निदेशकों की संख्या**		**कुल**
		महिला	**पुरुष**	
1	2013-14	4	86	90
2	2014-15	11	149	160
3	2015-16	27	174	201
4	2016-17	42	316	358
5	2017-18	53	328	381
6	2018-19	76	457	533
7	2019-20	59	374	433
8	2020-21	81	424	505
9	2021-22	97	699	796
10	2022-23	163	933	1096
11	2023-24	266	1721	1987
12	2024-25	476	2311	2787
13	2025-26 (13/3/2026 तक)	668	3423	4091

****